तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 26 जुलाई 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



4 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के कमरों में भरा बारिश का पानी, मची अफरा-तफरी




## खबर संक्षेप

### आकाशीय बिजली गिरने से बालिका की मौत, दो घायल

**लखनपुर।** ग्राम बिनिया निवासी प्रीति ठाकुर आ. शिक्षा प्रसाद (7 वर्ष) शनिवार को मां पुनीता ठाकुर, बहन रूमा ठाकुर (9 वर्ष), रवि ठाकुर (18 वर्ष), वृक्षा प्रसाद ठाकुर, व्रत कुंवर ठाकुर के साथ अपने में खेत में रोपा लगा रही थी। शाम लगभग 4.30 बजे अचानक मौसम खराब होने से तेज गरज चमक के साथ हल्की बारिश शुरू हुई। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली खेत में गिरने से प्रीति ठाकुर चपेट में आने से झुलस गई जबकि गाज के झटके से रूमा ठाकुर और रवि ठाकुर खेत में गिरकर अचेत हो गए। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल तीनों को उपचार हेतु अरगोती के संगवारी अस्पताल लेकर गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को लखनपुर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायलों को लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत प्रीति ठाकुर को मृत घोषित कर दिया वहीं रवि ठाकुर और रुमा ठाकुर उपचार के बाद स्वस्थ हैं।

### पुलिस पर हमला करने के मामले में 18 के खिलाफ अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** एसईसीएल भटगांव के महान-4 खदान खोलने को लेकर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया का विरोध कर रहे ग्रामीणों और पुलिस के बीच बवाल के बाद शनिवार को स्थिति सामान्य हो गई है। क्षेत्र में तैनात किए गए पुलिस बल को हटा लिया गया है। इधर पुलिस पर हमला, तोड़फोड़ के मामले में तीन अलग अलग प्रकरण में डेढ़ दर्जन नामजद सहित अन्य लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है। बता दें कि शुक्रवार को एसईसीएल भटगांव के महान-4 मदननगर खदान के लिए भूमि अधिग्रहण और सर्वे के लिए पहुंची टीम का विरोध कर रहे ग्रामीणों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इस घटना में ग्रामीणों द्वारा किए गए हमले में डीएसपी समेत 24 पुलिसकर्मी घायल हुए थे जबकि ग्रामीणों को भी चोटें आई थी। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल निर्मित हो गया था। घटना के दौरान 500 से अधिक पुलिसकर्मी मौके पर तैनात थे। लाठी चार्ज और हिंसक झडप के बाद ग्रामीण अंबिकापुर-प्रतापपुर मार्ग पर चक्का जाम कर धरना प्रदर्शन पर बैठ गये थे। इस घटना में घायल हुए पुलिसकर्मियों का उपचार चल रहा है और उनकी हालत फिलहाल सामने बताई जा रही है। इधर घटना के बाद शनिवार को स्थिति सामान्य हो गई। पुलिस फोर्स के वापस होने के बाद ग्रामीणों ने प्रतापपुर मार्ग को दोपहर बाद आवाजाही के लिए खोल दिया है। जबकि इस घटना के बाद प्रतापपुर थाने में अठारह नामजद प्रदर्शनकारी सहित अन्य ग्रामीणों के खिलाफ देर रात विभिन्न धाराओं में तीन अलग अलग एफआईआर दर्ज किया गया है। जिसमें एक एफआईआर एसईसीएल भटगांव के कर्मचारी कृष्ण मुरारी सिंह की ओर से जबकि दो अन्य एफआईआर खड़गवां चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सरफराज फिरदौसी, निरीक्षक अलरिक लकड़ा की ओर से दर्ज कराया गया है।

## वार्डों में पानी की किल्लत, मटमैला पानी मिलने की शिकायत

# फिल्टर प्लांट में नहीं हो रहा पूरी क्षमता के साथ जल शोधन, फिल्टर बेड की महीनों से सफाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- ननि नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में पार्षदों ने किया निरीक्षण

शहर के तकिया और कतकालो फिल्टर प्लांट में पूरी क्षमता के साथ जल शोधन नहीं किया जा रहा। प्लांट के पंप खराब पड़े हुए है, इसके साथ ही फिल्टर बेड की सही तरीके से सफाई नहीं की जा रही है। यही कारण है कि शहर में लोगों को कम पानी मिल रहा है इसके साथ ही गंदा और मटमैला पानी सप्लाई किया जा रहा है। इस बात का खुलासा नगर निगम नेता प्रतिपक्ष और विपक्षी पार्षदों ने निरीक्षण से हुआ है। विपक्ष ने लापरवाही और तकनिकी खामियों का आरोप लगाया है।

बता दें कि शहर के कई वार्डों से लगातार पेयजल संकट, आधे घंटे की जगह मात्र 5 से 10 मिनट जलप्रदाय और कई स्थानों पर गंदा पानी सप्लाई होने की शिकायतें मिल रही है। इन शिकायत के बाद कांग्रेस पार्षदों ने नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के नेतृत्व में शहर को पेयजल उपलब्ध कराने वाले तकिया एवं कतकालो स्थित फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जलापूर्ति व्यवस्था में कई गंभीर तकनीकी खामियां और प्रशासनिक लापरवाहियां सामने आईं। ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने बताया कि ननि प्रशासन और सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि लगातार बिजली कटौती को जल संकट का प्रमुख कारण बताते रहे हैं। वास्तविक स्थिति जानने के उद्देश्य से कांग्रेस पार्षदों ने दोनों फिल्टर प्लांटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लॉग बुक एवं मौके की स्थिति देखने पर पता चला कि समस्या केवल बिजली कटौती नहीं, बल्कि प्लांटों के रखरखाव और संचालन में भारी लापरवाही भी है। निरीक्षण में पाया गया कि तकिया फिल्टर प्लांट की क्षमता 17.5 एमएलडी होने के बावजूद वहां से मात्र 10 से 11 एमएलडी पानी का शोधन एवं वितरण किया जा रहा है। वहीं कतकालो फिल्टर प्लांट की क्षमता 18 एमएलडी है, लेकिन वहां से केवल 12 से 13 एमएलडी पानी की ही आपूर्ति की जा रही है। इससे स्पष्ट है कि दोनों प्लांट अपनी क्षमता से काफी कम उत्पादन कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि प्लांट का एक महत्वपूर्ण पंप लंबे समय से खराब पड़ा है तथा फिल्टर बेड की कई महीनों से सफाई नहीं की गई है, जिसके कारण वहां काई और घास तक जम गई है। जलापूर्ति विशेषज्ञों के अनुसार इससे जल शोधन क्षमता पर सीधा असर पड़ता है और पानी की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि अनुबंध के अनुसार दोनों प्लांटों में 32 कर्मचारियों की तीन शिफ्टों में तैनाती होनी चाहिए, जबकि मौके पर तकिया और कतकालो दोनों प्लांटों में कुल मात्र 6 कर्मचारी ही कार्यरत मिले। जल शोधन के लिए उपयोग होने वाले एलम (फिटकरी) का भी पर्याप्त भंडारण नहीं था। नियमानुसार कम से कम तीन महीने का स्टॉक होना चाहिए, जबकि मौके पर केवल तीन से चार दिन का स्टॉक ही उपलब्ध मिला। बरसात के मौसम में नदी का पानी अधिक मटमैला होने से एलम की खपत कई गुना बढ़ जाती है। कांग्रेस ने आशंका जताई कि निर्धारित मात्रा में एलम का उपयोग नहीं किए जाने के कारण ही कई बार गंदा पानी सप्लाई होने की शिकायतें सामने आती हैं। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि कतकालो फिल्टर प्लांट में कोई उपकरण खराब होने पर उसके पुर्जे पुणे या मुंबई से मंगाने पड़ते हैं, जिससे मरम्मत में कई सप्ताह लग जाते हैं। आश्चर्यजनक रूप से छोटे-छोटे आवश्यक स्पेयर पार्ट्स का भी स्थानीय स्तर पर कोई भंडारण नहीं रखा गया है। जलापूर्ति विशेषज्ञों ने बताया कि पानी की आपूर्ति कम होने के मुख्य कारणों में फिल्टर बेड की सफाई नहीं होना, फिल्टर प्लांट में कुल छह क्लैरिफ्लोकुलेटर में से एक प्लांट के दोनों और दूसरे का एक क्लैरिफलिकुलेटर लंबे समय से है। कुल तीन क्लैरिफ्लोकुलेटर का बंद होना, मड पंप का बंद होना, एलम की कमी तथा पर्याप्त तकनीकी स्टाफ का अभाव शामिल हैं। इन कारणों से जल शोधन क्षमता में 30 से 50 प्रतिशत तक की कमी आ रही है।

इसके अलावा बिजली गुल होने की स्थिति में उपलब्ध जनरेटर का उपयोग नहीं किए जाने से भी जलप्रदाय प्रभावित हो रहा है। कांग्रेस पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को कलेक्टर से मुलाकात कर निरीक्षण में सामने आई सभी अनियमितताओं से जिला प्रशासन को अवगत कराएगा तथा दोषी अधिकारियों और जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई, फिल्टर प्लांट की व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार और शहर में नियमित एवं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग करेगा। कांग्रेस पार्षदों के दल में पपिंदर सिंह, हसन खान, जे कुजूर, निम्न राशि एक्का, शुभम जायसवाल, मो. बाबर, कलीम खान, मेघा खांडेकर, मो अख्तर चम्मा, मिला तिर्की, लुकस एक्का सहित सभी पार्षद उपस्थित थे।



निरीक्षण करते ननि नेता प्रतिपक्ष सहित अन्य।

### नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ेगा प्रतिकूल प्रभाव : शफी

नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने आरोप लगाया कि नगर निगम के सत्तापक्ष की लापरवाही और उदासीनता के कारण शहर की पेयजल व्यवस्था बदहाल हो गई है। क्षमता के अनुरूप जल शोधन एवं जलापूर्ति नहीं होने से हजारों नागरिकों को प्रतिदिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई वार्डों में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है, वहीं गंदा पानी मिलने की शिकायतों के कारण नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि फिल्टर प्लांट में सामने आई अनियमितताएं, रखरखाव में लापरवाही, आवश्यक संसाधनों की कमी और कर्मचारियों की भारी कमी सत्तापक्ष की मिलीभगत और प्रशासनिक विफलता को दर्शाती है। यदि समय रहते आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए गए होते तो शहरवासियों को जल संकट का सामना नहीं करना पड़ता।

## शराब के नशे में सहायक शिक्षक पहुंचा स्कूल सरपंच सहित ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज. प्रतापपुर

शराब के नशे में सहायक शिक्षक के स्कूल आने पर ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच सहित ग्रामीणों ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंप कार्रवाई करने की मांग की।

ग्राम पंचायत पहाड़करवा के सरपंच, पंच एवं ग्रामीणों द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सौंपे शिकायत पत्र में न केवल एक विद्यालय की स्थिति उजागर की है, बल्कि पूरे विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है। शिकायत में सहायक शिक्षक पर विद्यालय में कथित रूप से नशे की हालत में पहुंचने, बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार करने तथा शिक्षण कार्य प्रभावित करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोष सिद्ध होने पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय निरीक्षण के दौरान संबंधित सहायक शिक्षक कथित रूप से नशे की



हालत में मिले। बच्चों ने बताया कि शिक्षक प्रतिदिन शराब के नशे में विद्यालय आते हैं, ठीक से पढ़ाने की स्थिति में नहीं रहते और उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि केवल संबंधित शिक्षक की जांच तक मामला सीमित न रखा जाए, बल्कि पूरे विकासखंड की शिक्षा व्यवस्था की स्वतंत्र समीक्षा कराई जाए। यदि किसी विद्यालय में इस प्रकार की शिकायत सामने आती है तो संबंधित निगरानी अधिकारियों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।



## मध्यप्रदेश से शराब तस्करी कर रहे तीन युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अघिना

- 1.41 लाख रुपये की 24 पेटी शराब जब्त

बसदेई पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब पुलिस टीम ने अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी एवं बिक्री में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 1,41,228 रुपये मूल्य की 24 पेटी अंग्रेजी शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त बुलेरो जब्त किया।

क्षेत्र में गश्त कर रहे बसदेई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम नरेशपुर निवासी प्रवीण गुप्ता मध्यप्रदेश के बैढ़न क्षेत्र से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब लेकर बुलेरो से गांव की ओर आ रहा है। सूचना पर बसदेई पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान बोलेरो क्रमांक सीजी 15 डीबी 9386 से 1,41,228 रूपये कीमत के 24 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया। शराब के संबंध में वैध दस्तावेज मांगने पर आरोपी कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में प्रवीण ने बताया कि मध्यप्रदेश से अंग्रेजी शराब को बैढ़न के चन्द्रभूषण यादव के पास से खरीदकर अपने साथी रावेन्द्र सिंह के लिए लेकर रहा था। रावेन्द्र सिंह को उसके हिस्से का शराब को लेने के लिए बसदेई के पास बुलाया था। जैसे ही रावेन्द्र सिंह शराब लेने वहां पहुंचा तो पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर बताया कि यह प्रवीण गुप्ता के पास 9 पेटी शराब मंगाया था। पुलिस ने विवेचना के दौरान सप्लाई करने वाले आरोपी चन्द्रभूषण कुमार यादव को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अंग्रेजी शराब, परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो, 1 बाइक, 1 मोबाइल जब्त कर तीनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र सिंह, आरक्षक देवदत्त दुबे, महेन्द्र प्रताप सिंह, निलेश जायसवाल, आदित्य यादव, अशोक केंवट, प्रेम सिंह, दिलीप साहू व सैनिक अनिल विश्वकर्मा सक्रिय रहे।

## छात्र की हत्या के मामले में अब तक नहीं मिला सुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- टिहरी जंगल में मिला था शव, चेहरे को बेरहमी से कुचला गया, जांच जारी

घर से खेलने के लिए निकले छात्र की हत्या के मामले अब तक कोई अहम सुराग नही मिल पाए है। फिलहाल यही जानकारी सामने आई है कि छात्र घटना दिवस की देर शाम क्रिकेट खेलते देखा गया था उसके बाद वह जंगल में कैसे पहुंचा इसकी जानकारी नहीं है। इस बीच पुलिस ने छात्र के शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

बता दें कि उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम सलका निवासी 15 वर्षीय छात्र वीरेंद्र कंवर सलका हाईस्कूल में कक्षा नौवीं का छात्र था। छात्र स्कूल से आने के बाद गुरुवार की शाम को घर से खेलने के नाम पर निकला था लेकिन उसके बाद वह वापस नहीं लौटा। छात्र के घर नहीं आने पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इस दौरान शुक्रवार की सुबह कुछ लोग टिहरी पर्वत पर योग करने गए हुए थे जहां उन्होंने शव देखकर पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच के बाद मृतक की पहचान परिजन की मदद से लापता छात्र वीरेंद्र कंवर के रूप में की। सूचना मिलने के बाद फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया था। पुलिस व फॉरेंसिक टीम द्वारा घटना की जांच की जा रही है। फिलहाल हत्या के कारणों। का पता नहीं चल सका है लेकिन संभावना है कि छात्र की बेरहमी से हत्या के बाद उसके चेहरे को कुचल दिया गया। इस घटना के बाद परिजन सदमें में है। शनिवार को पुलिस ने छात्र के शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है लेकिन अब तक हत्या के कारणों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। थाना प्रभारी शिशिरकान्त सिन्हा ने बताया कि बच्चे को शाम 6-7 के बीच क्रिकेट ग्राउंड में खेलते देखा गया था उसके बाद उसका कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### उत्कर्ष योजना अंतर्गत 6वीं में प्रवेश हेतु काउंसलिंग निरस्त

**बलरामपुर।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग अधिकारी ने जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 14 जुलाई को जिला स्तर पर आयोजित काउंसलिंग को निरस्त कर दिया गया है। उक्त संबंध में जिले से काउंसिलिंग के लिए चयनित सभी विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को सूचित किया जाता है कि शासन से दिशा-निर्देश प्राप्त होने के बाद काउंसलिंग की नई तिथि की सूचना पृथक से जारी की जाएगी।

## केन्द्रीय जेल से रिहा हुए कैदी की दो घंटे बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत

- पत्नी हत्या के मामले में काट रहा था सजा

**अम्बिकापुर।** केंद्रीय जेल में हत्या के मामले में सात साल की सजा काट रहे कैदी की उस समय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई जब रिहा हुए महज दो घंटे ही हुआ था। इधर पिता के जेल से रिहा होने की सूचना पर बेटी खुशी के साथ पिता को लेने आई थी लेकिन बेटी को कहा मालूम था कि पिता को सकुशल ले जाने के बजाए शव को लेकर घर जाएगी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार शहर से लगे ग्राम खलिबा निवासी श्याम जतन साय आ. स्व. सोन साय कोरवा (66 वर्ष) 7 साल पूर्व पत्नी की हत्या के मामले में उसे सात साल की सजा सुनाई गई। न्यायालय से सजा सुनाने के बाद श्याम जतन केन्द्रीय जेल में पत्नी की हत्या में मामले में सजा काट रहा था। केन्द्रीय जेल में सात साल की सजा पूरा होने पर जेल प्रबंधन द्वारा कैदी की सजा पूरी हो जाने तथा 24 जुलाई को दिन 12.30 बजे जेल से छुटने की सूचना कैदी के परिजन को दी। इसी बीच 23 जुलाई को अचानक कैदी श्याम जतन को दस्त होना शुरू हुआ तो जेल प्रहरियों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। इधर जेल से पिता के छुटने पर बेटी सानिया पिता को लेने जेल पहुंची जहां पता चला कि श्याम जतन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती है। दिन लगभग 12 बजे बेटी सानिया मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंची। जेल के कर्मचारियों ने कैदी की सजा पूरा होने तथा 12.30 रिहाई का समय निर्धारित होने पर बेटी सानिया को उसके पिता को उसके सुपुर्द करने तथा उपचार के बाद घर ले जाने की बात कहकर चले गए। जेल के कर्मचारियों के जाने के लगभग दो घंटे बाद ही श्याम जतन की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। बेटी सानिया पीएम के पश्चात पिता के शव को लेकर घर चली गई।

## महामाया पहाड़ पर मिला युवक का सड़ा गला फांसी पर झूलता शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- आत्म हत्या की आशंका, नहीं हुई मृतक की पहचान, पास से मिली इन्सुलिन और पीलिया की दवा

महामाया पहाड़ पर शनिवार को सडा गला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। शव मिलने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है वहीं मृतक की शिनाख्त के प्रयास चल रहे है। अब तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है लेकिन सम्भावना जताई जा रही है कि मृतक पीलिया और शुगर की बीमारी से ग्रसित था।

बताया जा रहा है कि शनिवार को सुबह घूमने गए लोगों ने महामाया पहाड़ पर एक सडा गला शव देखा था। सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाना प्रभारी शशिकांत सिन्हा व फोरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची थी। मृतक का शव फांसी पर लटका था और सड़ने के कारण शव के धड़ का हिस्सा सिर से अलग होकर नीचे गिर गया था। ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि शव लगभग 20 दिन पुराना है। शुरुआत में मौके पर साड़ी मिलने से किसी महिला की लाश होने की बात कही जा रही थी लेकिन फोरेंसिक टीम की जांच व प्रारंभिक पीएम रिपोर्ट में मृतक की पहचान पुरुष के रूप में की गई है जिसकी उम्र 35-40 साल के बीच है। पुलिस को मृतक के पास से इन्सुलिन का इंजेक्शन, मल्टी विटामिन और पीलिया की दवाई मिली है। ऐसे में शंका जताई जा रही है कि बीमारी से परेशान युवक ने फांसी लगाई होगी लेकिन फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी शशिकांत सिन्हा ने बताया कि मृतक की पहचान के लिए प्रयास चल रहा है। पीएम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का भी पता चल सकेगा। फिलहाल घटना की जांच चल रही है।

### ट्रैक्टर पलटने से दबकर चालक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**मैनपाट।** खेत में जुताई करने के दौरान ट्रैक्टर पलटने से दबकर मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब जिले के मैनपाट क्षेत्र में एक युवक की खेत में ट्रैक्टर पलटने से दबकर मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि मैनपाट के पैगा अंतर्गत टिकरपारा निवासी 26 वर्षीय सुरेन्द्र तिग्गा शनिवार को खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहा था। खेत में काम करने के दौरान अचानक ही ट्रैक्टर का पहिया कीचड़ में फंस गया। कीचड में फंसे हुए ट्रैक्टर को निकालने का प्रयास किया जा रहा था। इस दौरान दोपहर लगभग तीन बजे अचानक ही ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर पलटने से चालक सुरेन्द्र तिग्गा वाहन के नीचे ही फंस गया। घटना के बाद मौके पर हडकंप मच गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी इसके साथ ही ट्रैक्टर को सीधा कर युवक को बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा था। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों व पुलिस टीम ने ट्रैक्टर के नीचे से चालक को बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल निर्मित हो गया। पुलिस ने मामले में शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच चल रही है।




MARK OF EXCELLENCE

मार्क हॉस्पिटल में पेट सम्बंधित सभी समस्याओं का अत्याधुनिक इलाज।

एक्सीलेंट गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजी सर्विसेस:
- गैस, एसिडिटी, अपच एवं खट्टी डकार
- छाती में जलन
- पेट दर्द एवं सूजन
- कब्ज, दस्त एवं दस्त में खून
- उल्टी, हिचकी एवं खून की उल्टी
- खाना निगलने में परेशानी एवं आहार नली की समस्याएँ
- कभी भी निगली गई वस्तु (Foreign Body) का उपचार
- फैटी लिवर, हेपेटाइटिस (B/C), पीलिया एवं लिवर सिरोसिस
- अल्सर एवं GERD (Acidity/Reflux)
- IBS (इरिटेबल बॉवेल सिंड्रोम)
- पेट की टी.बी. एवं पेट में पानी
- अग्न्याशय (Pancreas) के रोगों का उपचार
- पेट, आंत एवं लिवर के रोगों का विशेषज्ञ उपचार
- एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोपी की सुविधा
- दूरबीन द्वारा पेट एवं आँत की आधुनिक जाँच





DR. MANISH KUMAR NAYAK
MBBS, MD, DRNB,
CONSULTANT GASTROENTEROLOGIST & HEPATOLOGIST

विशेषताएँ:
✔ अनुभवी गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट
✔ आधुनिक एंडोस्कोपी सुविधा
✔ सटीक जाँच एवं प्रभावी उपचार
✔ लिवर एवं पाचन रोगों की सम्पूर्ण देखभाल

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com

AdPRAYAS


Paper Jab Tough Hoga
SELECTION KA NUMBER और जबरदस्त HOGA
OUR TOPPERS → NEET (UG) 2026
ANSHIKA AGRAWAL 563/720 GENERAL RANK 10177
ADITYA SINGH RAJPOOT 563/720 GENERAL RANK 10098
TAASHU TAANK 564/720 GENERAL RANK 9895
SHUVAM SUBASISH 590/720 GENERAL RANK 5452
BHAVYA MISHRA 606/720 GENERAL RANK 3474
RAGHAV SINGH CHANDEL 632/720 GENERAL RANK 1600
AKSHAT TIWARI 592/720 EWS RANK 1463
UTKARSH VAISHNAV 576/720 Cat. RANK 9589
15030 SHIVENDRA KUMAR 558/720
20194 SUJAL PATEL 545/720
1188 ANKIT TANDON 544/720
16519 ARSH SHARMA 538/720
24403 VISHWAJEET SHRIVAS 536/720
1514 ARMAN OGREY 535/720
1718 DIPALI LAHARE 530/720
27467 SAHIL KUMAR KASHYAP 530/720
28494 DHEERAJ KASHYAP 528/720
32236 LAKESHWAR SAO 521/720
32975 VIKASH RATHORE 519/720
23080 MANSI CHANDWANI 517/720
23912 SONAL KUMAR 515/720
24340 SEJAL THAWRANI 514/720
36271 MUSKAN CHOUKSEY 514/720
35806 PADMANABH SAHU 514/720
36517 VISHNU NISHAD 513/720
37748 KANHA SAHU 511/720
25313 PRINCE SINGH 511/720
39042 SHRADDHA SONI 509/720
1040 AARCHI RAHI 493/720
34108 KRISHNA PURWANI 489/720
52620 PRAGATI CHANDRAKAR 488/720
34192 SUBHIKSHA AGRAWAL 488/720
4769 RENUKA BARMA 488/720
14348 ADITYA SINGH 482/720
36772 ANUSHKA PRASHANT BARPANDE 482/720
62076 HARSH 475/720
63420 SWATI PATEL
6626 ADARSH CHOUDHARY
63493 AARTI SAHU
7071 AYUSH SINGH
2147 JANHVI
5083 AMAN AGARIYA
7041 MAKHAN SINGH KHADIYA
VAISHNAVI
7124 ARYAN MARKAM
9613 NISCHAL MERSA
9700 TULSI RATHIA
9852 SULENDRA PAIKRA
12092 GIRIJA RATHIA
13288 PRERNA EKKA
13715 KAMESHWAR MARAVI
14110 KOMAL PAIKRA
14141 HARSHITA MAHLA
16003 VAIBHAV RAO
16183 MANASI
16219 POONAM DHURWE
16476 PANKAJ KUMAR SARWAY
18916 SMRITI KACHCHHAP
19791 ANURAG DINKAR
20348 PRAVEEN GHRITLAHARE
21995 KHWAYESH GHRITLAHARE
23623 PAYAL TOPPO
24164 AVINASH BHAGAT
24284 HIMANSHU DINKER
24423 POISHA BANJARE
26542 ANUSHKA DHANSON
33809 ANNPOORNA GHRITLAHARE
42420 HARSH DAHARIYA
52992 DAMINI BANJARE
55343 RIMI
59145 ANKIT NIRALA
62294 CHITRESH BANJARE
67035 LUCKY MEHRA
72479 PANKAJ KUMAR JANGDE
75495 VIDHI MANHAR
80674 POOJA
& MANY MORE.....
120+ ACHARIANS ARE GOING TO BECOME DOCTORS!
*Calculated as per previous cut-off in all categories & Streams*
DROPPER'S 2026-27
NEW BATCH 29th JULY
ADMISSION OPEN
Special ACHIEVERS BATCH
MINIMUM FEES FOR 400+ SCORING STUDENT
For More Details Contact: 7225007662
Batch Starting 6th AUGUST 2026
SANDEEP DWIVEDI SIR
DIRECTOR & HOD PHYSICS
A Promise beyond excellence
ACHARYA INSTITUTE
Best faculties from all over India in Bilaspur With Sandeep Sir
IIT-JEE/NEET/CUET/FOUNDATION
BRANCH 1 Near Rajendra Nagar Chowk, Link Road, Above AXIS Bank Bilaspur
BRANCH 2 In Front of CMD Ground, Link Road CMD Chowk Bilaspur
BRANCH 3 In Front of Vijyapuram Colony, Main Road, Sarkanda, Bilaspur
BRANCH 4 Old Bus Stand, Near City Kotwali, Mungeli (C.G.)
7470462225
6262673703
9109492226
7470461083
हिन्दी माध्यम के छात्रों के लिए पृथक बैच एवं कक्षाएं
FACILITIES
AC CLASSROOM
LIBRARY
HOSTEL
TRANSPORT
FOLLOW US ON INSTAGRAM
ADMISSION START
FOR ADMISSION

### ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# पीएम आवास योजना में अपात्र को पात्र व भेदभाव करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



ज्ञापन सौंपने कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण।

**खास बात**
- कार्रवाई की मांग

गरीबों को पक्का मकान देने की केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना अनियमितता की भेंट चढ़ गई। महिला सरपंच ने अपने चहेतो को उपकृत करने इस योजना के लिए पात्र को अपात्र और अपात्र को पात्र कर दिया। सरपंच की इस मनमानी से भड़के ग्रामीणों ने जनदर्शन में सरपंच के विरुद्ध धांधली का आरोप लगा कलेक्टर को ज्ञापन सौंप जांच की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि महिला सरपंच ने अपने लोगो को इस योजना का लाभ दिलाने के लिए सारे नियमों को दरकिनार कर दिया है।

विदित हो कि प्रधानमंत्री आवास योजना भारत सरकार की एक बड़ी योजना है जो गरीबों को पक्का घर देने के लिए चलाई जा रही है। इस योजना के तहत कच्चे मकान में रहने वाले गरीब तबके के लोगो को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। योजना के तहत ग्राम पंचायत सोनातराई के दर्जनो भर जरूरत एवं पात्र लोगों ने भी अपना दावा पेश किया था ताकि केंद्र सरकार से मिलने वाली आर्थिक सहयोग की बदौलत वो भी पक्के मकान का अपना सपना पूरा कर सके लेकिन ग्राम पंचायत की महिला सरपंच ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए उनके सपनों पर पानी फेर दिया। सरपंच ने अपने चहेतों को उपकृत करने के लिए इस योजना में जमकर धांधली की और पात्र को अपात्र और अपात्र को पात्र बना दी। सरपंच ने ग्रामसभा के बजाए बन्द कमरे में सूची तैयार करते हुए सारे नियमों को ताक पर रखते हुए इस फर्जीवाड़े को अंजाम दी। प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची तैयार करने के बाद सरपंच काफी दिनों तक इसे दबाये बैठी थी ताकि लोगों को इसकी भनक न लग सके। ग्रामीण जब भी इस बारे में जानकारी मांगते सरपंच उनकी बातों को टाल देती थी। आखिरकार ग्रामीणों को जब इस बात की भनक लगी तो वो आक्रोशित हो उठे और महिला सरपंच से इस संबंध में जवाब तलब करने लगे लेकिन सरपंच ने उनकी बातों को दरकिनार कर दिया। सरपंच के इस मनमानी रवैये से नाराज ग्रामीणों की भीड़ जनदर्शन पहुंची जहां उन्होंने महिला सरपंच पर प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली बरतने एवं पात्र को अपात्र एवं अपात्र को पात्र करने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंप जांच की मांग की।ज्ञापन सौंपने के दौरान अनिल गुप्ता, अनिल दास, अमित दास, रत्नावली, चांदनी गुप्ता, विशिला गुप्ता, सकलपति, इंद्रावती, विमला, तारा, दीपक, मंगेशर समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।




## ग्राम बीरपुर में एग्री स्टेक शिविर का आयोजन, किसानों को दी गई फसल बीमा से सुरक्षा की जानकारी

**बिश्रामपुर।** खरीफ सीजन में किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से सुरक्षित रखने और कृषि सेवाओं को डिजिटल रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से ग्राम बीरपुर के पंचायत भवन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम एवं एग्री स्टेक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर अपनी फसलों का बीमा कराने और एग्री स्टेक से जुड़ी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की। कार्यक्रम में किसानों को बताया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदाओं, अतिवृष्टि, सूखा, ओलावृष्टि तथा अन्य विपरीत परिस्थितियों में फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई का महत्वपूर्ण माध्यम है।

अधिकारियों ने किसानों को समय रहते बीमा कराने की सलाह देते हुए कहा कि अंतिम तिथि का इंतजार न करें, ताकि किसी भी तकनीकी या दस्तावेजी समस्या के कारण योजना के लाभ से वंचित न होना पड़े। शिविर में सरपंच चंद्रभान सिंह, कृषि विस्तार अधिकारी हेमन्त सिंह ओरकरा, उद्यान विस्तार अधिकारी अनुप्रिया बड़ा, हल्का पटवारी मनोज यादव, पंचायत सचिव अरुण साहू, किसान मित्र मुन्ना राजवाड़े तथा सीएससी कर्मचारी पवन बर्मन की मौजूदगी में किसानों का फसल बीमा एवं एग्री स्टेक से संबंधित कार्य संपन्न कराया गया।अधिकारियों ने किसानों को योजना की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, आवेदन प्रक्रिया और बीमा के लाभों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही एग्री स्टेक के माध्यम से किसानों के डिजिटल कृषि रिकॉर्ड तैयार करने और भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक पारदर्शी एवं सरल तरीके से उपलब्ध कराने की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित किसानों से अपील की गई कि वे निर्धारित अंतिम तिथि से पहले अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराएं, ताकि किसी भी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा मिल सके और सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का पूरालाभ प्राप्त हो।

## सैनिक स्कूल में अंतर सदनीय बॉलीबॉल स्पर्धा का समापन

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल में आयोजित अंतर-सदनीय प्रतियोगिता का समापन शनिवार को किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न सदनों के कैडेट्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में कैरियप्पा हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। जूनियर वर्ग में तेजस हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजेता का स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में उप प्राधानाचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ.पी श्रीनिवास ने विजेता एवं उपविजेता हाउस को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, सहयोग की भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास करती है। खेल केवल शारीरिक क्षमता का विकास नहीं करती बल्कि कैडेट्स में नेतृत्व, निर्णय लेने की क्षमता और टीम के साथ मिलकर कार्य करने की भावना भी विकसित होती है।



### नाम परिवर्तन सूचना

मैं लोकेन्द्र कुमार सिंह पिता हरिहर राम, निवासी-3, माझापारा, उदयपुर, थाना व तहसील-उदयपुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं अपने पुराना नाम लोकेन्द्र कुमार पिता हरिहर राम को बदलकर नया नाम लोकेन्द्र कुमार सिंह पिता हरिहर राम रख लिया हूं। अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मुझे मेरे नया नाम लोकेन्द्र कुमार सिंह पिता हरिहर राम के नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
लोकेन्द्र कुमार सिंह
पिता हरिहर राम
निवासी-3, माझापारा, उदयपुर, थाना व तहसील-उदयपुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं अल्बर्ट तिग्गा पिता तयोफिल तिग्गा, निवासी-129, पटपरिया, मैदानपारा, थाना-गांधीनगर, तहसील-अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) मैं अपने पुराना नाम अल्बर्ट तिग्गा पिता टी. तिग्गा को बदलकर नया नाम अल्बर्ट तिग्गा पिता तयोफिल तिग्गा रख लिया हूं। अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मुझे मेरे नया नाम अल्बर्ट तिग्गा पिता तयोफिल तिग्गा के नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
अल्बर्ट तिग्गा
पिता तयोफिल तिग्गा
निवासी-129, पटपरिया, मैदानपारा, थाना-गांधीनगर, तहसील-अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

## मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित हुए 4 शिक्षक



**डांड़गांव।** छत्तीसगढ़ में हाल ही में विकासखंड उदयपुर के 4 शिक्षकों को जिला स्तरीय मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण में सम्मानित किया गया। जिसमे ज्ञानदीप पुरस्कार अंजली सरिता बड़ा, शिक्षाद्रुत पुरस्कार अनूप रंजन सोनी, सावित्री प्रजापति,सलमोन केरकेट्टा शामिल है। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल थे। मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना में हर साल विकासखंड स्तर पर शिक्षादूत, जिला स्तर पर ज्ञानदीप और संभाग स्तर पर शिक्षा श्री से सम्मानित किया जाता है।

सरगुजा मार्केट

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण
टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग
नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श
बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 जुलाई 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 5 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
- COLLEGES COUNSELLING
- DEEMED COLLEGE
- COUNSELLING
- STATE PVT./ GOVT. COLLEGES
- FORM FILLUP ASSISTANCE
- LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance
Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE
ANU SHARMA 9109920477




### न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.

रा.प्र.क.- /अ-6/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता आ. स्व. ज्ञानचंद गुप्ता, जाति सौण्डिक, निवासी मायापुर अम्बिकापुर, तह. अ.पुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर नजूल अधिकारी अम्बिकापुर के रा.प्र.क्र. 259/अ-6/1991-1992 में पारित आदेश दिनांक 31.05.1993 के आधार पर आवेदित भूमि भूखण्ड क्रमांक 1598/20 रकबा 0.012 हे. भूमि के नजूल अभिलेख में स्वयं का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा दस्तावेज सहित आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 06/08/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक- 21/07/2026 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

TOP IN SURGUJA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY
MBBS, MS
(OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
हम रखते हैं आपकी आँखों का ख्याल
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989
AdPRAYAS

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### सनराइज हायर सेकेंडरी स्कूल में स्टूडेंट कैबिनेट का गठन, पदाधिकारियों ने ली शपथ

**अम्बिकापुर।** विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना का विकास करने के उद्देश्य से सनराइज हायर सेकेंडरी स्कूल में स्टूडेंट कैबिनेट का गठन किया गया। इस अवसर पर आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नवनियुक्त छात्र-छात्राओं ने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक एफडी खान व प्राचार्य अभिजीत दासगुप्ता व उप प्राचार्य अजहरुद्दीन खान उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्र पदाधिकारियों को बैज पहनाकर सम्मानित किया तथा उन्हें ईमानदारी, अनुशासन एवं समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की स्टूडेंट कैबिनेट में जुनैद खान एवं राजेंद्र पिल्लई को स्कूल हेड बॉय, जबकि सादिया परवीन एवं आफरीन नाज़ को स्कूल हेड गर्ल का दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन आरती कश्यप, तौसीफ रज़ा, फरहाना परवीन एवं सालेहा परवीन ने संयुक्त रूप से किया।

### रविन्द्रनगर में किसानों की कृषि आय दुगुनी करने सिखाई नई खेती की तकनीक



**बिश्रामपुर।** किसानों की आय बढ़ाने और आधुनिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम रविंद्रनगर में कृषि विभाग द्वारा जागरूकता एवं कृषि सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को रियायती दर पर अरहर एवं उड़द का उन्नत बीज तथा स्प्रे टंकी वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की जानकारी देते हुए दो फसली प्रणाली अपनाने की सलाह दी। किसानों को बताया गया कि यदि गेंदा फूल की खेती के साथ अरहर की फसल लगाई जाए तो एक ही खेत से दो प्रकार की उपज प्राप्त कर आय में बढ़ोतरी की जा सकती है। अधिकारियों ने किसानों को समझाया कि चार लाइन गेंदा फूल लगाने के बाद एक लाइन अरहर की बुवाई करने से भूमि का बेहतर उपयोग होता है, फसल की उत्पादकता बढ़ती है और किसानों को दोहरा आर्थिक लाभ मिलता है। साथ ही अरहर की फसल मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में भी सहायक होती है, जिससे अगली फसल का उत्पादन भी बेहतर होता है। इस अवसर पर श्रीमती रजनी पैकरा, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई लाल विश्वास, पंच गंगा विश्वास, सुवेंदु चटर्जी, अमित ठाकुर, गोपाल विश्वास, तारक सरकार, तपन बैरागी, संजू देवनाथ, गोविंद विश्वास व अन्य उपस्थित रहे।

### विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण



**सूरजपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजस बसदेई में वरिष्ठ नागरिक संघ एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वावधान में फलदार, छायादार एवं बागवानी से संबंधित पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, विद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों व बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की सहभागिता रही।इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक संघ एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के पदाधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने की बात कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक संचालक शिक्षा अजय सिंह ने शासन की महत्वाकांक्षी पहल एक पेड़ मां के नाम अभियान की जानकारी देते विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्र को हरित बनाने के लिए अधिकाधिक पौधरोपण कर नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अनिल गोयल, एसके तिवारी, पवन कुमार सिंह, आरएस मिश्र, एसएल भारती, विश्वनाथ साहू, रामचंद्र सोनी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### उपकरणों एवं अभिलेखों को सुरक्षित करने में व्यस्त रहे स्वास्थ्यकर्मी

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के कमरों में भरा बारिश का पानी, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

तीन दिनों तक हुई मूसलाधार बारिश के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बारिश का पानी भरने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**खास बातें**

- पानी के बीच गर्भवती प्रसूता महिलाओं ने गुजारी रात
- नवीन भवन निर्माण का मलबा जमा होने के कारण अस्पताल में भरा पानी

इस दौरान स्वास्थ्यकर्मी पूरी रात सामानों को व्यवस्थित करने में लगे रहे।

शासन द्वारा पुराने भवन के पास ही नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण किया गया है लेकिन लोकार्पण नहीं होने के कारण स्वास्थ्य केंद्र का संचालन पूर्ववत हो रहा है। नया भवन बनने के बाद विभाग ने पानी निकासी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर ध्यान देना बंद कर दिया है। नवीन भवन के निर्माण के दौरान सड़क पर रखी रेत-गिट्टी सहित अन्य मलबा लम्बे समय तक पड़े रहने एवं लोगों का नियमित आवागमन होने के कारण सड़क की ऊंचाई बढ़ गई है साथ ही पानी निकासी बंद हो गया है। बारिश के दौरान भी इस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। नतीजा हुआ कि रात में बारिश का पानी अचानक स्वास्थ्य केंद्र के सभी कमरों में भर गया। अस्पताल परिसर एवं स्वास्थ्य केंद्र के कमरों के जलमग्न होने के कारण वार्ड में भर्ती प्रसूताओं एवं अन्य मरीजों को भारी समस्या का सामना करना पड़ा। स्वास्थ्य केन्द्र के हॉल, मुख्य कॉरीडोर, कम्प्यूटर कक्ष, प्रसव कक्ष, महिला एवं पुरूष वार्ड स्टोर सहित अन्य कक्षों में पानी भरने के कारण काफी देर तक उपचार सहित अन्य कार्य बाधित रहे। रात्रिकालीन ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक, स्टाफ नर्स एवं अन्य कर्मचारियों ने पानी के बीच खड़े रहकर अपनी सेवाएं दी। स्वास्थ्य केंद्र में पानी भरने के कारण कर्मचारी उपकरणों, कम्प्यूटर सिस्टम, गोदाम में रखे दवाओं के कार्टून विभाग के आवश्यक अभिलेखों को व्यवस्थित करने में घंटों व्यस्त रहे। स्थिति बिगड़ती देख कर्मचारियों ने कमरों में भरे पानी को निकालने की कोशिश करते रहे लेकिन लगातार बारिश होने के कारण स्थिति यथावत बनी रही। इस दौरान स्टोर में पानी भरने के कारण दवाओं के खराब होने की संभावना को देखते हुए स्वास्थ्यकर्मियों ने पानी निकालने की असफल कोशिश करते रहे। कमरों में पानी भरने से विभाग को भारी नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।



अस्पताल के कमरे में भरा पानी।

**संक्रमण फैलने का खतरा**

वर्षा का पानी प्रसव कक्ष एवं वार्डों में भरने के कारण मरीजों, गर्भवती एवं प्रसूता महिलाओं में संक्रमण फैलने के डर से दहशत की स्थिति निर्मित हो गई। भर्ती मरीजों के वार्डों में संक्रमण से बचाव के लिए साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की जाती है। स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्था पर परिजन ने सवाल उठाया है तथा बदहाली पर नाराजगी जताई है। लम्बे समय तक वार्डों में जलभराव होने पर मरीजों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है। परिजन का कहना है कि इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को बरसात के पानी एवं गंदगी से जूझना पड़ रहा है। प्रसव कक्ष एवं वार्डों में बरसात का पानी भरना प्रबंधन की कार्यप्रणाली को उजागर कर रहा है। विभाग द्वारा जल निकासी की व्यवस्था समय पर कर लिया गया रहता तो इस तरह की स्थिति निर्मित नहीं होती।

**निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल**

अस्पताल भवन के निर्माण के दौरान लोनिवि के अधिकारियों के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी कई बार निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। ठेकेदार भी बीच-बीच में निर्माण स्थल पर मौजूद रहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी-कर्मचारी भी रोज निर्माण स्थल से आना-जाना करते रहे। हैरानी की बात है कि इस लम्बी अवधि में किसी के भी ध्यान में जल निकासी की व्यवस्था को दुरूस्त करने की बात नहीं आई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काफी पुराना है तथा भवन जर्जर हो गया है। लम्बे समय तक स्वास्थ्य केंद्र परिसर एवं कमरों में पानी भरने से भवन के क्षतिग्रस्त होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

**प्रभारी को दिए है निर्देश**

सड़क पर निर्माण सामग्री का मलबा जमा होने से सड़क ऊंची होने के कारण इस तरह की स्थिति निर्मित हुई। प्रभारी बीएमओ को जल निकासी की व्यवस्था तत्काल दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य केंद्र भवन में भरा पानी निकाल दिया गया है।

-डॉ.विजय चौहान
बीएमओ, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ओड़गी

## गो सम्मान आह्वान अभियान का दूसरा चरण 27 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

गोमाता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान को लेकर चल रहे देशव्यापी गो सम्मान आह्वान अभियान के दूसरे चरण की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अभियान के तहत 27 जुलाई को देशभर के सभी जिलों से 15 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षरों वाले प्रार्थना-पत्र राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम संबंधित जिलाधिकारियों के माध्यम से सौंपे जाएंगे। अभियान के आयोजकों के अनुसार पिछले छह माह से देशभर में जनजागरण और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है। इसके माध्यम से गोहत्या-निषेध के लिए केंद्रीय कानून, गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान, केंद्रीय गो मंत्रालय की स्थापना, गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा गो-केंद्रित राष्ट्रीय नीति सहित 30 से अधिक मांगें सरकार के समक्ष रखी जा रही हैं। आयोजकों ने बताया कि पहले चरण में 27 अप्रैल 2026 को देश की लगभग 5,000 तहसीलों से 5 करोड़ से अधिक हस्ताक्षरों सहित प्रार्थना-पत्र सौंपे गए थे। अब मांगों पर अपेक्षित निर्णय नहीं होने के कारण दूसरे चरण में 15 करोड़ से अधिक हस्ताक्षरों के साथ अनुस्मारक प्रार्थना-पत्र सरकार को भेजे जाएंगे।

**सूरजपुर मुख्यालय में सुबह 8 बजे से होगा कार्यक्रम**

जिला प्रभारी के अनुसार सूरजपुर में कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सभी गोभक्तों से सुबह 7:30 बजे तक रंगमंच मैदान पहुंचने की अपील की गई है। सुबह 8 बजे गोमाता पूजन, शंखनाद और श्री राम जय राम जय जय राम विजय मंत्र के सामूहिक जप के बाद शांतिपूर्ण प्रार्थना यात्रा जिलाधिकारी कार्यालय के लिए रवाना होगी।यात्रा में भगवान श्रीकृष्ण-बलराम का स्वरूप, गोमाता-बछड़े की झांकी, अभियान के बैनर-प्लेकार्ड तथा हस्ताक्षर अभियान का प्रतीकात्मक प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके बाद संत-महात्माओं, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा गणमान्य नागरिकों के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से सरकार को ज्ञापन और प्रार्थना-पत्र सौंपा जाएगा।

## बिजनेस प्लस

### स्थापना दिवस पर दयानिधि हॉस्पिटल का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर

**अम्बिकापुर।** अम्बिकापुर के गंगापुर स्थित दयानिधि हॉस्पिटल अपने स्थापना दिवस के अवसर पर 1 अगस्त को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन करने जा रहा है। शिविर दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक अस्पताल परिसर में आयोजित होगा, जिसमें मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं आवश्यक चिकित्सकीय मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। दयानिधि हॉस्पिटल के वरिष्ठ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप त्रिपाठी ने बताया कि शिविर में वे स्वयं अपनी चिकित्सकीय टीम एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित रहेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि दयानिधि हॉस्पिटल में हड्डी एवं जोड़ रोगों के उपचार के साथ-साथ जनरल सर्जरी, मेडिसिन, फिजियोथेरेपी, आर्थोपेडिक एवं अन्य आवश्यक ऑपरेशन, पैथोलॉजी जांच, डिजिटल एक्स-रे तथा मरीजों के भर्ती होने की समुचित सुविधा उपलब्ध है। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं एवं अनुभवी चिकित्सकों के कारण अस्पताल क्षेत्र में भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। ज्ञात हो कि लगभग 10 वर्षों के चिकित्सकीय अनुभव के दौरान डॉ. त्रिपाठी ने मुख्य भूमिका में 10 हजार से अधिक सफल ऑपरेशन किये हैं, जिसमें दयानिधि हॉस्पिटल में 100 से अधिक स्पाइन सर्जरी तथा करीब 4 हजार हड्डी संबंधी सफल ऑपरेशन शामिल है। यही अनुभव और सेवा भाव स्थापना दिवस पर आयोजित इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर के माध्यम से आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। दयानिधि हॉस्पिटल प्रबंधन ने क्षेत्र के नागरिकों से निर्धारित समय पर शिविर में पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श एवं स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाने का आग्रह किया है।



### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक आज

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 26 जुलाई 2026 को मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिजीत कुमार कोहाट, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.आरके साहू, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रतीक धाबलिया, नस रोग विशेषज्ञ डॉ.नीरज प्रसाद, श्वास,छाती,एलर्जी एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ डॉ.रोशन वर्मा, मानसिक एवं मनोरोग विशेषज्ञ डॉ.जय गोयल, न्यूरो सर्जरी रोग विशेषज्ञ डॉ.देवान्श मिश्रा संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।



### माझी समाज से छात्रा विमला ने नीट में हासिल की सफलता, स्कूल प्रबंधन ने किया सम्मानित

**अंबिकापुर।** मैनपाट ब्लॉक के सरभंजा संकुल अंतर्गत संचालित शासकीय प्राथमिक विद्यालय जूनाडीह की पूर्व छात्रा कु. विमला माझी पिता ने नीट परीक्षा सफलता हासिल कर विद्यालय सहित पूरे विकासखंड का नाम रोशन किया है। कु. विमला माझी ने प्रारंभिक शिक्षा शासकीय प्राथमिक शाला जूनाडीह से ही प्राप्त की है। प्राथमिक शाला जूनाडीह के प्रधान पाठक एवं संकुल समन्वयक काजेश कुमार घोष एवं उनके सहायक ईश्वर कुजूर ने विमला मांझी को विद्यालय मे आमंत्रित कर साल श्रीफल देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान समन्वयक श्री घोष के आग्रह पर विमला ने शाला के बच्चों को सफलता प्राप्त करने की टीप दी। वर्तमान मे विमला मांझी के भाई मुकेश इसी विद्यालय मे अंशकालीन स्विपर के पद पर कार्यरत है जबकि माता-पिता क्रृषि मजदूर है।



### ओपीएस में सीबीएसई हैण्डबॉल स्पर्धा के तीसरे दिन नॉकआउट मुकाबले

**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई फॉर ईस्ट जोन हैंडबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन विभिन्न आयु वर्गों के नॉकआउट मुकाबले हुए। अंडर-17 बालक वर्ग में सात रोमांचक मैच खेले गए, जिनमें आदर्शिला विद्या मंदिर कोनी-बिलासपुर, एचएम एकेडमी जगदलपुर, विकास रेजिडेंशियल स्कूल, बड़गढ़, सेंट जेवियर हाई स्कूल क्योंझर, केसी पब्लिक स्कूल ब्रम्हापुर, डीएवी पब्लिक स्कूल मधुकुंडा तथा ईएमआरएस मैनपाट की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में प्रवेश के लिए कड़ा संघर्ष किया। अंडर -19 बालक वर्ग में भी सात मुकाबले खेले गए जिसमें केसी पब्लिक स्कूल ब्रह्मापुर, साउथ प्वाइंट हाई स्कूल कोलकाता, आदर्शिला विद्या मंदिर कोनी-बिलासपुर, विवेकानंद केंद्रीय विद्यालय, गोलाघाट, ज्ञान विकास स्कूल गंजम, एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, करंजिया तथा मॉडर्न पब्लिक स्कूल, कल्याणपुर की टीमों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया।अंडर-14 बालिका वर्ग में तीन मुकाबले हुए जिनमें द ग्रेट इंडिया पब्लिक स्कूल रायपुर, विवेकानंद केंद्रीय विद्यालय गोलाघाट, ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल अम्बिकापुर, उत्तर इंटरनेशनल स्कूल रायगढ़ की टीमों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। अंडर-17 बालिका वर्ग में ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल अम्बिकापुर, आर्मी पब्लिक स्कूल गोपालपुर एवं सेंट जेवियर हाई स्कूल क्योंझर की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान सीबीएसई के खेल आब्जर्वर संतोष बेहुरा उपस्थित थे।



# करवां मिडिल स्कूल परिसर में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत वन परिक्षेत्र राजपुर के गोपालपुर सर्किल क्षेत्र स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला करवा परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वैदिक एवं औषधीय महत्व वाले मौलश्री, पीपल, बरगद, आम, आंवला, जामुन सहित विभिन्न प्रजातियों के 500 पौधों का रोपण किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण के साथ-साथ पौधों की देखभाल भी आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वन महोत्सव के माध्यम से लोगों को हरित पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। विद्यालय परिसर में लगाए गए पौधे भविष्य में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण भी उपलब्ध कराएंगे।



इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, उप वनमंडलाधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव, वन परिक्षेत्राधिकारी एच वर्मा, डिप्टी रेंजर अमित प्रताप सिंह, सुशील सिंह, रंजीता मिंज, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### वाहन की टक्कर से गंभीर युवक की गई जान

**प्रतापपुर।** देर रात पत्नी के भाई के लिए तम्बाकू लेने गया युवक गांव में अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर हो गया। युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच कर मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के एक दिन बाद मृतक की पहचान हो सकी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।



जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम बेकोना निवासी बाबूलाल आ. सूबेदार पनिका (39 वर्ष) के घर में जन्मदिन का कार्यक्रम था। जन्म दिन पर बाबूलाल का साला बबलू अपनी पत्नी के साथ कार्यक्रम में शामिल होने आया था। जन्मदिन मनाने के बाद देर रात बबलू घर जाने की तैयारी करने लगा और जीजा बाबूलाल से तम्बाकू की व्यवस्था करने की बात कही। रात लगभग 1 बजे बाबूलाल गांव में तम्बाकू लेने चला गया और जब काफी देर बाद वापस नहीं लौटा तो बबलू भी पत्नी के साथ अपने घर चला गया। दूसरे दिन बबलू बहन के घर आया तो पता चला कि देर रात से निकाला उसका जीजा घर नहीं आया है। इसी बीच बबलू पत्नी की तबियत खराब होने पर प्रतापपुर अस्पताल गया तो वहां गांव का सरपंच मिला जिससे पता चला कि बैकोना चौक के समीप वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है और उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है जहां घायल की मौत हो गई है। जब सरपंच ने घायल का फोटो दिखाया तो बबलू ने जीजा के रूप में पहचान की। आज परिजन मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।




# भगवान जगन्नाथ महाआरती में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर में संस्कार भारती, जिला इकाई के तत्वावधान में भगवान जगन्नाथ के श्रीचरणों में समर्पित भव्य महाआरती एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कार भारती के ध्येय गीत से हुआ। इसके पश्चात क्षेत्र के प्रतिभाशाली बच्चों ने आकर्षक एवं मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भजन-कीर्तन में कल्याण मंडल की पूरी टीम ने अपनी मधुर एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति में सराबोर कर दिया। उनकी प्रस्तुति के दौरान पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा और श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में लीन रहे। कार्यक्रम की एक विशेष आकर्षण पर्यावरण संरक्षण को समर्पित पारंपरिक व्यवस्था रही। श्रद्धालुओं को प्रसाद केले के पत्तों में परोसा गया तथा पेय पदार्थ मिट्टी के कुल्हड़ों में दिए गए। लोगों ने कहा कि भारतीय परंपरा के अनुरूप इस प्रकार की व्यवस्था न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक सराहनीय प्रयास है। इस अवसर पर नगरवासियों ने कहा कि नगर में विशाल, अनुशासित एवं सांस्कृतिक आयोजन सराहनीय है। लोगों ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन निरंतर होते रहेंगे, जिससे समाज में भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इस दौरान शैलेश गुप्ता, अशोक जायसवाल, सुनील गुप्ता, विकास दुबे, शर्मिला गुप्ता, पार्षद विजय रावत, सुमित गुप्ता, ओमप्रकाश जायसवाल, सरोज जायसवाल, अजीत गुप्ता विकास दुबे, विजय रावत, कृष्ण गुप्ता, सरोज जायसवाल, जयप्रकाश, अंजय मेहता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।









